# कार्यालय उपखण्ड अधिकारी देवली जिला टोंक

( श्री दुर्गा प्रसाद मीना R.A.S. उपखण्ड अधिकारी देवली द्वारा अध्यासित)

मिसल संख्या – 70/2022

निर्णय दिनांक :–08.04.2024

उनवानी प्रार्थना पत्रः–

1. अशोककुमार पुत्र भंवरलाल जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक राज0
2. कैलाशचन्द पुत्र श्रीनारायण जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक राज0
3. कान्ति पुत्री भंवरलाल जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक राज0
4. गोपाल पुत्र श्रीनारायण जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक राज0
5. चोथमल पुत्र रतनलाल जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक राज0
6. जगदीशप्रसाद पुत्र रतनलाल जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक राज0
7. दसरथकुमार पुत्र श्रीनारायण जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक राज0
8. नन्दू पुत्री भंवरलाल जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक राज0
9. नमनतारा पुत्री भंवरलाल जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक राज0
10. नाथूलाल पुत्र श्रीनारायण जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक राज0
11. प्रेमचन्द पुत्र रतनलाल जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकला तहसील देवली जिला टोंक राज0
12. मनोजकुमार पुत्र रतनलाल जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक राज0
13. राजेन्द्र पुत्र रतनलाल जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकला तहसील देवली जिला टोंक राज0
14. विमला परिन रतनलाल जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक राज0
15. शांति पुत्री गंवरलाल जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकलों तहसील देवली जिला टोंक राज0
16. शीला पुत्री रतनलाल जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक राज0
17. सत्यनारायण पुत्र भंवरलाल जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकली तहसील देवली जिला टोंक राज0
18. सुशीला पुत्री रतनलाल जाति दर्जी उम्र बालिग निवासी डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक राज0

बनाम —प्रार्थी पक्ष—

1. तहसीलदार महोदय देनी जिला टोक राज0
2 घीसालाल पुत्र हीरा जाति गुर्जर उम्र बालिग निवासी डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक राज0
3. नाथी पुत्री हीरा जाति गुर्जर उम्र बालिग निवासी डाबरकलां तहसील देवली जिला टॉक राज0
4. हगामी पत्नि हीरा जाति गुर्जर उम्र बालिग निवासी डाबरकला तहसील देवली जिला टॉक राज0

—अप्रार्थी पक्ष—

उपस्थितः—
श्री अशोक कुमार गुप्ता
अधिवक्ता प्रार्थीगण

तहसीलदार देंवली
प्रतिवादी संख्या

## प्रार्थना पत्र अ0 धारा 128 राज0 लेण्ड रेवेन्यू एक्ट बाबत किये जाने पत्थरगढी आदेश

पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। प्रार्थना पत्र के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीगण 1 ता 18 की कब्जे काश्त एवं खातेदारी की आराजी भूमि खाता संख्या 460 खसरा नम्बर 1750/2329 रकबा 0.50 है0, खसरा नम्बर 1751 रकबा 0.41 है0, खसरा नम्बर 613 रकबा 0.01 है0 गै0मु0 चाह, खसरा नम्बर 614 रकबा 0.34 है0. खसरा नम्बर 615 रकबा 0.25 है0, खसरा नम्बर 630 रकबा 0.25 है0, खसरा नम्बर 631 रकबा 0.30 है0 कुल किता—7, कुल रकबा 2.0600 है0 वाके ग्राम डाबरकलां पटवार हल्का डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक राज0 में स्थित है। इसी प्रकार प्रार्थीगण 2, 4, 7, 10 की कब्जे काश्त एवं खातेदारी की आराजी भूमि खाता संख्या 182 खसरा नम्बर 435 रकबा 2.11 है0 वाके ग्राम डाबरकला पटवार हल्का डाबरकलां तहसील देवली जिला टोक राज0 में स्थित है। इसी प्रकार प्रार्थीगण 2, 4, 7, 10 एवं अप्रार्थीगण 2 ता 4 की कब्जे काश्त एवं खातेदारी की आराजी भूमि खाता संख्या 186 खसरा नम्बर 111 रकबा 0.29 है0, खसरा नम्बर 111/2287 रकबा 0.26 है0, खसरा नम्बर 32 रकबा 0.49 है0 कुल किता—3. कुल रकबा 1.0400 है0 वाके ग्राम डाबरकलां पटवार हल्का डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक राज0 मे स्थित है, जिसमे प्रार्थीगण 2, 4, 7, 10 का प्रत्येक का 1/6—1/6 हिस्सा एवं अप्रार्थीगण 2 ता 4 का प्रत्येक का 1/9—1/9 हिस्सा है। प्रार्थीगण ने पूर्व मे उक्त भूमि की नाप चोप करवायी थी जिसके सीमा चिन्ह मिट चुके है तथा सीमाएं अस्पष्ट हो गई है जिसके कारण मोके पर प्रार्थीगण एवं पड़ोसी खातेदारों के मध्य उक्त भूमि की सीमा एवं कब्जे को लेकर गंभीर विवाद होने की संभावना उत्पन्न हो गई है तथा चरण नम्बर 3 में वर्णित आराजीयात पर अप्रार्थीगण 2 ता 4 से आये दिन सीमा व कब्जे को लेकर विवाद होता रहता है। प्रार्थीगण की उक्त आराजी भूमि बाबत उत्पन्न होने वाले विवाद को समाप्त करने के लिये उक्त भूमि की पत्थरगढी करवाया जाना नितान्त आवश्यक है। यदि उक्त भूमि की पत्थरगढी नही करवायी गयी तो मोके पर गंभीर विवाद होगा, लड़ाई झगड़ा होगा तथा अनावश्यक रूप से मुकदमे बाजी बढ़ेगी। उक्त भूमि बाबत कोई

वाद न्यायालय में विचाराधीन नही है और किसी प्रकार का कोई स्थगन आदेश भी न्यायालय से जारी नही है। प्रार्थीगण नियमानुसार पत्थरगढी का शुल्क जमा कराने को तैयार है। तहसीलदार जी देवली को भूमि का लेण्ड होल्डर होने से पक्षकार बनाया गया है। प्रार्थना पत्र में वर्णित आराजी भूमि श्रीमान के क्षेत्राधिकार मे होने से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का श्रवणाधिकार माननीय न्यायालय को प्राप्त है। अतः प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि प्रार्थना पत्र के चरण नम्बर 1 ता 3 में वर्णित प्रार्थीगण की कब्जे काश्त एवं खातेदारी की आराजी भूमि की पत्थरगढी किये जाने हेतु श्रीमान तहसीलदार महोदय, देवली को नियमानुसार आदेश फरमाया जावे।

अप्रार्थीगण की तलबी जारी की गई।

अप्रार्थीगण संख्या 2 ता 4 बावजूद तामिल अनुपस्थित रहने से इनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी गई।

अप्रार्थी संख्या 1 ने जवाब/रिपोर्ट पेश की जो इस प्रकार है:—आवेदक की खातेदारी में दर्ज है, काश्त है। पड़ोसी खातेदारो से सीमा विवाद है। पक्षकार बनाया गया है। किसी न्यायालय में स्थगन नहीं है। आवेदक की खातेदारी भूमि की सीमाओ पर राजकीय भूमि अतिक्रमित नहीं है। पूर्व में सीमाज्ञान की रिपोर्ट तहसील (भू. अ.) से अपेक्षित है।

पत्रावली बहस में नियत की गई।

अधिवक्ता प्रार्थी ने अपनी बहस में प्रा. पत्र के तथ्यो को ही दोहराते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार करने की प्रार्थना की।

पत्रावली का अवलोकन किया। अधिवक्ता प्रार्थी की बहस पर मनन किया। जमाबन्दी सम्वत 2071—74 भूमि खाता संख्या 460 खसरा नम्बर 1750/2329 रकबा 0.50 है0, खसरा नम्बर 1751 रकबा 0.41 है0, खसरा नम्बर 613 रकबा 0.01 है0 गै0मु0 चाह, खसरा नम्बर 614 रकबा 0. 34 है0. खसरा नम्बर 615 रकबा 0.25 है0, खसरा नम्बर 630 रकबा 0.25 है0, खसरा नम्बर 631 रकबा 0.30 है0 कुल किता—7, कुल रकबा 2.0600 है0 वाके ग्राम डाबरकलां तहसील देवली प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि है व आराजी भूमि खाता संख्या 182 खसरा नम्बर 435 रकबा 2.11 है0 वाके ग्राम डाबरकला प्रार्थीगण 2. 4. 7. 10 की खातेदारी की भूमि है। जिस पर उक्तानुसार प्रार्थीगण पत्थरगढी करवाने के हकदार है।

आराजी भूमि खाता संख्या 186 खसरा नम्बर 111 रकबा 0.29 है0, खसरा नम्बर 111/2287 रकबा 0.26 है0, खसरा नम्बर 32 रकबा 0.49 है0 कुल किता—3. कुल रकबा 1.0400 है0 वाके ग्राम डाबरकलां पटवार हल्का डाबरकलां तहसील देवली में प्रार्थीगण 2, 4, 7, 10 एवं अप्रार्थीगण 2 ता 4 सहखातेदार के रूप में दर्ज रिकॉर्ड है। प्रा. पत्र 111, 128 एल. आर. एक्ट के प्रावधानो अनुसार किसी आराजी के सभी सहखातेदारो को सम्मिलित रूप से आवेदन करना चाहिए जबकि प्रार्थीगण ने इस आराजी के अन्य सहखातेदारो को प्रतिपक्षी पक्षकार बना कर पेश किया है। यद्यपि अप्रार्थीगण संख्या 2 ता 4 के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी गई है तथापि खाता संख्या 186 की आराजी के लिए सभी खातेदारो को पक्षकार नहीं बनाये जाने के कारण इस आराजी के लिए प्रार्थना पत्र स्वीकार करना उचित नहीं है।

# आदेश

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र आंशिक रूप से स्वीकार किया जाता है । जमाबन्दी सम्वत 2071–2074 में अंकित खाता संख्या 186 खसरा नम्बर 111 रकबा 0.29 है0, खसरा नम्बर 111/2287 रकबा 0.26 है0, खसरा नम्बर 32 रकबा 0.49 है0 कुल किता–3. कुल रकबा 1.0400 है0 वाके ग्राम डाबरकलां तहसील देवली के लिए सभी खातेदारो द्वारा प्रार्थना पत्र पेश नहीं करने के कारण इन खसरा नम्बर बाबत प्रार्थना पत्र अस्वीकार किया जाता है।

तहसीलदार देवली को एतत् द्वारा आदेशित किया जाता है कि प्रार्थीगण द्वारा नियमानुसार पत्थरगढी/सीमाज्ञान शुल्क राजकोष में जमाकर, प्रार्थी व पड़ोसी खातेदारो की उपस्थिति में जमाबन्दी सम्वत 2071–74 भूमि खाता संख्या 460 खसरा नम्बर 1750/2329 रकबा 0.50 है0, खसरा नम्बर 1751 रकबा 0.41 है0, खसरा नम्बर 613 रकबा 0.01 है0 गै0मु0 चाह, खसरा नम्बर 614 रकबा 0.34 है0. खसरा नम्बर 615 रकबा 0.25 है0, खसरा नम्बर 630 रकबा 0.25 है0, खसरा नम्बर 631 रकबा 0.30 है0 कुल किता–7, कुल रकबा 2.0600 है0 वाके ग्राम डाबरकलां तहसील देवली व आराजी भूमि खाता संख्या 182 खसरा नम्बर 435 रकबा 2.11 है0 वाके ग्राम डाबरकला तहसील देवली जिला टोंक की विधिवत् पत्थरगढी प्रार्थीगण का उक्त भूमि पर कब्जा होने पर की जावे अन्यथा उक्त आराजी का सीमाज्ञान कर प्रार्थीगण को अवगत करावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय खुले न्यायालय में दिनांक 08.04.2024 को सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी<br>
देवली